# अधीक्षण अभियंता का कार्यालय
## बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण अंचल, पूर्णिया।

Email. Id-drainagecircle@gmail.com

**पत्रांक................................/पूर्णिया** **दिनांक................../....................../2025**

सेवा में,

प्रो0–अंजार सिद्यीकी, पता–हांडीपोखर,
पो0–पदमपुर, जिला–किशनगंज, पिन–855108

विषय :– किशनगंज जिलान्तर्गत प्रखंड टेढ़ागाछ के पश्चिमी कनकई नदी के दॉये तट के नजदीक ग्राम हरहरीया में मी0 220 कटाव निरोधक कार्य (एजेण्डा संख्या–220/518/2025) के कार्यादेश के संबंध में ।

प्रसंग :– कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल, किशनगंज का पत्रांक–382 दिनांक–12.04.2025 एवं इस कार्यालय के पत्रांक–501 दिनांक–12.04.2025

महाशय,

विषयांकित कार्य आपके द्वारा निविदत दर, जो परिमाण विपत्र पत्र में अंकित दर से 26.50 (छब्बीस दशमलव पॉच शून्य) प्रतिशत कम है, पर आवंटित किया जाता है।

2. पत्र निर्गत होने की तिथि से अविलम्ब आप कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल, किशनगंज से संपर्क स्थापित करें तथा सभी मूल कागजातों का सत्यापन कराकर विहित प्रपत्र में नियमानुसार एकरारनामा कर अविलंब कार्य आरम्भ करें।

3. ज्ञातव्य हो कि यह कार्य एक समयबद्ध कार्यक्रम अन्तर्गत निर्धारित अवधि में पूर्ण करना है। अतः यह नितांत आवश्यक है कि आप कार्य की समानुपातिक प्रगति सुनिश्चित करेंगे ताकि निर्धारित विशिष्टि के अनुरूप निर्धारित समय–सीमा दिनांक 15.05.2025 के अंदर कार्य को पूरा किया जा सके।

विश्वासभाजन,
ह0/–
**(ई0 जय प्रकाश पासवान)**
अधीक्षण अभियंता,
बाढ नियंत्रण एवं जल निस्सरण
अंचल, पूर्णिया।

**पत्रांक................................/पूर्णिया** **दिनांक................../....................../2025**

प्रतिलिपि :– कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल, किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि पत्र प्राप्ति के तीन दिनों के अंदर सभी औपचारिकताओं को पूरा करते हुए एकरारनामा सम्पन्न कर कार्य प्रारंभ करावें। एकरारनामा के पूर्व वांछित शपथ–पत्र की मूल प्रति प्राप्त कर निविदा संचिका में सुरक्षित रख लें । संवेदक द्वारा समर्पित सभी अभिलेखों के भौतिक सत्यापनोपरांत सभी वित्तीय नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए एकरारनामा की कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। कार्य शीघ्र प्रारंभ कर ससमय पूर्ण कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाय। एन0आई0टी0 में निर्धारित तिथि 15.05.2025 के अंदर कार्य पूर्ण करने का कार्यक्रम एकरारनामा के साथ संलग्न कर उस पर संवेदक के हस्ताक्षर करा लिया जाय तथा उसकी छाया प्रति इस कार्यालय को भी उपलब्ध कराया जाय। यह एकरारनामा का अभिन्न अंग होगा। इस पत्र के साथ कार्यावंटन की आवश्यक शर्तों की कंडिका संलग्न करते हुए निदेशित किया जाता है कि एकरारनामा करते समय इन शर्तों को एकरारनामा के साथ संलग्न कर इसका अनुपालन अपने स्तर पर संवेदक से कराया जाना सुनिश्चित किया जाय। कार्य कराने के पूर्व, कार्य के दौरान एवं कार्य पूर्ण होने के पश्चात् कार्य का डिजिटल

फोटोग्राफी/विडियोग्राफी कराया जाय तथा उसे योजनाओं के मोनिटरिंग हेतु नवविकसित बेव आधारित प्रणाली **WSIMS (WRD Scheme Impltmentaion & Monitorign System) Web Portal, MIS, WRD DRISHTI APP** पर डाटा अपलोड करना सुनिश्चित किया जाय। साथ ही समय–समय पर विभाग द्वारा निर्गत आदेशों एवं उच्चाधिकरियों के निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा।

अनु0 :– 1. कार्यावंटन की आवश्यक शर्तों की कंडिका 01 से 09 तक।
2. प्रमंडलीय एवं अंचलीय तकनीकी बीड का C/S एक प्रति मे।
3. वित्तीय बीड का बीड का C/S एक प्रति मे।
4 निविदा दस्तावेज एवं अन्य संलग्न कागजात।
5 विभागीय पत्रांक–1872 दिनांक–08.04.2025 ।

ह0/–
**(ई0 जय प्रकाश पासवान)**
अधीक्षण अभियंता,
बाढ नियंत्रण एवं जल निस्सरण
अंचल, पूर्णिया।

**पत्रांक....................................../पूर्णिया** **दिनांक...................../......................../2025**

प्रतिलिपि :– 1. मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण जल संसाधन विभाग, कटिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

2. अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण योजना एवं मोनेटरिंग अंचल, सिंचाई भवन पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

ह0/–
**(ई0 जय प्रकाश पासवान)**
अधीक्षण अभियंता,
बाढ नियंत्रण एवं जल निस्सरण
अंचल, पूर्णिया।

**पत्रांक**......504......**/पूर्णिया** **दिनांक**......16....../......04....../**2025**

प्रतिलिपि :– कार्यपालक अभियंता, आई0टी0, जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय बेबसाईट पर प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

16/4/25

**(ई0 जय प्रकाश पासवान)**
अधीक्षण अभियंता
बाढ नियंत्रण एवं जल निस्सरण
अंचल, पूर्णिया।